रामसिंह नेताजी
RAM SINGH NETAJI

A72

सदस्य, दिल्ली विधान सभा
नेता, विधायक दल (बसपा)
सदस्य, दिल्ली जल बोर्ड
MLA, DELHI
Leader, Legislative Party (BSP)
Member, Delhi Jal Board

सत्यमेव जयते

OFFICE OF UDM
Dy. No 4124
Date 23.11.11

D.O 2146 dated 13.11.2011

श्री कमलनाथ जी,
माननीय शहरी विकास मंत्री,
भारत सरकार,
निर्माण भवन, नई दिल्ली।

विषयः- मास्टर प्लान 2021 में दिल्ली विकास प्राधिकरण के द्वारा मेरे विधानसभा क्षेत्र के कुछ हिस्से को ओ जोन **(Zone O)** से निकालकर एफ जोन **(Zone F)** में डाले जाने हेतू निवेदन।

23/11
PS to UDM
Secy(UD)

श्रीमानजी,

इस पत्र के माध्यम से आपसे मेरा विनम्र निवेदन है कि दिल्ली विकास प्राधिकरण के द्वारा तैयार किये गये दिल्ली मास्टर प्लान 2021 में मेरे विधानसभा क्षेत्र के मीठापुर वार्ड व जैतपुर वार्ड को जोन ओ (Zone O) मतलब यमुना नदी का अग्रभाग घोषित किया गया है, जो कि सरासर गलत है।

*माननीय सर्वोच्च न्यायालय के द्वारा यमुना बैड या यमुना नदी की धारा से दोनो ओर 300 मीटर के क्षेत्र में आ रहे इलाके को ही यमुना नदी का हिस्सा माना है व इस क्षेत्र के संरक्षण पर जोर दिया है। भविष्य में यमुना नदी के बेहतर संरक्षण हेतू हमें वो इलाका ही ओ जोन में घोषित करना चाहिए, जिसे हम बेहतर ढंग से संरक्षित कर सके। जिसमें हम ज्यादा पेड़ लगाकर और उसे आबादी मुक्त रख सकें, ना कि अनाधिकृत कालोनियाँ व ग्रामीण या शहरीकृत गांव को इस इलाके में डालना चाहिए। इससे भविष्य में हमें यमुना नदी के संरक्षण में दिक्कत आएगी। इसीलिये ओ जोन के लिये 300 मीटर के दायरा सर्वथा उचित है।*

श्रीमानजी, मेरे विधानसभा क्षेत्र के मीठापुर वार्ड व जैतपुर वार्ड को दिल्ली विकास प्राधिकरण के द्वारा दिल्ली मास्टर प्लान 2021 में ओ जोन (Zone O) घोषित किया गया है उसमें जैतपुर गांव, हरीनगर गांव व मीठापुर गांव लाल डोरे के गांव हैं व इसके अलावा लगभग 50 अनाधिकृत कालोनियां जो दिल्ली सरकार की 1639 की सूची में सूचीबद्ध हैं, शामिल हैं व यहां कि आबादी लगभग 4 लाख से भी ज्यादा है। इस क्षेत्र को ओ जोन में शामिल करने से क्षेत्र के निवासियों में बेहद रोष व्यापत है।

नहरपार के इस क्षेत्र को ओ जोन (Zone O) में शामिल करने से हमें कई सरकारी विकास कार्यो में बाधा आ रही है। जिसमें इतनी बड़ी आबादी के लिये मीठापुर में बनने वाला 60 बिस्तरों को दिल्ली सरकार का जच्चा बच्चा अस्पताल, जैतपुर में बनने वाले 5वीं कक्षा तक के विद्यालय, जैतपुर में बनने वाले दिल्ली जल बोर्ड के मिनी वाटर सीवर ट्रीटमेंट प्लांट, इस पूरे क्षेत्र के लिये पुलिस स्टेशन की बिल्डिंग व ऐसी ही कई योजनाऐं हैं जो कि दिल्ली विकास प्राधिकरण के द्वारा इस क्षेत्र को जोन ओ (Zone O) में डाले जाने की वजह से अधर में लटक गई हैं।

Contd...2

222-C, BADARPUR, NEW DELHI-110044, TEL : 011-65802545, 9810820054, 9899230025